राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018, फोन– 0141–2552796

क्रमांक: प.14(17)RSMSSB/अर्थना/ज.स.वि. (अनु.क्षेत्र)/2016/पार्ट –III/ 218 दिनांक : 13.06.2017

–:: कार्यालय आदेश ::–

बोर्ड द्वारा जल संसाधन विभाग के लिये अनुसूचित क्षेत्र के लिये कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल/यांत्रिक)(डिग्री/डिप्लोमा) सीधी भर्ती परीक्षा– 2016 की परीक्षा दिनांक 16.10.2016 को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा का परिणाम बोर्ड द्वारा 15.11.2016 एवं 17.11.2016 को जारी किया गया था। उक्त परीक्षा मे अस्थाई रूप से सफल घोषित अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों का सत्यापन विभाग द्वारा किया गया। विभाग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में कनिष्ठ अभियंता (सिविल)(डिग्रीधारी/डिप्लोमाधारी) के पद पर अपात्र एवं अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों के विरूद्व वरीयता सूची से श्रेणीवार निम्नलिखित अभ्यर्थियों का बोर्ड द्वारा अस्थाई चयन किया गया है। इन अस्थाई (Provisional) रूप से सफल घोषित अभ्यर्थियों की पात्रता की जाँच मूल दस्तावेजों से की जानी है। साथ ही सफल घोषित अभ्यर्थियों से विस्तृत आवेदन पत्र (दो प्रतियों में) भी लिया जाना है। अतः कनिष्ठ अभियंता (सिविल)(डिग्रीधारी/डिप्लोमाधारी) (अनुसूचित क्षेत्र) के पद पर अस्थाई (Provisional) रूप से सफल घोषित निम्न रोल नम्बर वाले अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 19.06.2017 को प्रातः 10.00 बजे से **कॉन्फ्रेस हॉल, सिचांई भवन, मालवीय नगर, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर–302017** पर पात्रता की जांच हेतु आवश्यक रूप से विस्तृत आवेदन (दो प्रतियों में) एवं मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होवें :–

क.स.	दिनांक	पद का नाम	अभ्यर्थियों के रोल नम्बर
1.	19.06.2017	कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) (डिग्री) (अनुसूचित क्षेत्र)	100314
		कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) (डिप्लोमा) (अनुसूचित क्षेत्र)	200209, 200125, 200072

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखा जावें :–

1. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश" एवं कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल/यांत्रिक)(डिग्रीधारी/डिप्लोमाधारी)(अनुसूचित क्षेत्र) सीधी भर्ती परीक्षा–2016 के लिये दिनांक 22.07.2016 को जारी विज्ञापन संख्या 03/2016 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।
2. विस्तृत आवेदन दो प्रतियों में अलग–अलग लाना है। विस्तृत आवेदन की फोटोप्रति स्वीकार नही की जायेगी।
3. शैक्षणिक योग्यता, आयु, जाति, मूल निवास, आचरण, विशेष योग्यजन, विवाह, खेल, राष्ट्रीयता, सेवारत होने संबंधी **मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ लावें।**
4. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करें।
5. अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश एवं विस्तृत आवेदन का प्रारूप मय प्रपत्रों के बोर्ड़ की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

(डॉ. नन्द सिंह नरूका)
अध्यक्ष